संख्या-107/2021/532रासनि/23-1-21-45रासनि/20

प्रेषक,

गिरिजेश कुमार त्यागी,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-1 लखनऊ: दिनांक 24 मार्च, 2021

विषय- वित्तीय वर्ष 2020-21 में अनुदान सं0-58 लेखाशीर्षक-3054 के अन्तर्गत राज्य सड़क निधि से प्रदेश के विभिन्न जनपदों के 36 मार्गों के कार्य हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1), कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्रों(निम्न तालिका के कॉलम-2 में उलिलखित) द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि संलग्नक के विवरणानुसार प्रदेश के विभिन्न जनपदों के 36 मार्गों के कार्य हेतु कुल लागत रू0 31,89,85,000/- (रूपये इकत्तीस करोड़ नवासी लाख पच्चासी हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के साथ चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 में अनुदान सं0-58 के लेखाशीर्षक-3054 के अन्तर्गत राज्य सड़क निधि से कुल रू0 1,59,47,000/- (रूपये एक करोड़ उन्सठ लाख सैतालीस हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने की निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(1) प्रश्नगत कार्यों की द्विरावृत्ति को रोकने की दृष्टि से प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि उक्त कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अंतर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम से आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है। यदि द्विरावृत्ति पायी जाय तो उस स्वीकृति को निरस्त कराते हुए संबंधित कार्य पर आवंटित धनराशि शासन को तत्काल समर्पित की जाय।

(2) प्रश्नगत कार्यों को उस समय तक प्रारम्भ न किया जाय और न ही उन पर कोई व्यय भार लिया जाय जब तक कि स्वीकृत लागत के अन्तर्गत विस्तृत आगणन गठित कर उस पर सक्षम अधिकारी द्वारा प्राविधिक स्वीकृति प्रदान न कर दी जाय। यदि यह कार्यवाही सुनिश्चित नहीं की जाती है तो समस्त उत्तरदायित्व संबंधित मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता/अधिशासी अभियंता का होगा।

(3) प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा की परियोजना में जी0एस0टी0 की धनराशि समय-समय पर स्वीकृत/आवंटित की जा रही धनराशि के सापेक्ष नियमानुसार जमा की जायेगी।

(4) लेबरसेस की एक प्रतिशत धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि का भुगतान किया जायेगा

(5) प्रश्नगत कार्यों हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च, 2021 तक कर लिया जाय। कार्य सम्पादन के अनुरूप उपयोगिता प्रमाण पत्र दिनांक 30 अप्रैल, 2021 तक शासन को निश्चित रूप से उपलब्ध करा दिया जाय।

(6) प्रश्नगत कार्यों हेतु आवंटित धनराशि के सापेक्ष व्यय, वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्तपुस्तिका के नियमों, स्थायी आदेशों आदि तथा सड़क निधि नियमावली में किये गये प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाय तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्यों हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में न किया जाय ।

(7) राज्य सड़क निधि हेतु गठित उ0प्र0 राज्य सड़क निधि प्रबंधन समिति द्वारा अनुमोदित परियोजनाओं/प्रयोजनों के लिये ही स्वीकृत/आवंटित धनराशि का उपयोग किया जायेगा । यह सुनिश्चित किया जाय कि जिन प्रयोजनों हेतु सड़क निधि से धनराशि स्वीकृत हुई है वह उसी प्रयोजन हेतु व्यय की गयी है ।

(8) लागत का आकलन प्रस्तावित मात्राओं एवं विशिष्टियों को यथावत मानते हुए मात्र दरों के आधार पर औचित्य का परीक्षण किया गया है। मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने का दायित्व कार्यदायी संस्था/विभाग का होगा।

(9) समस्त कार्य निर्धारित व अनुमोदित मानकों एवं विशिष्टियों के अनुरूप सम्पादित कराये जाय ताकि उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा यह सुनिश्चित

http://shasanadesh.up.nic.in

किया जायेगा कि आगणन मे किसी0 भी प्रकार की त्रुटि के लिए संबंधित क्षेत्रीय अधिकारी एव क्षेत्रीय मुख्य अभियंता उत्तरदायी होगे।

(10) इस निधि से स्वीकृत कार्य की वित्तीय/भौतिक प्रगति प्रत्येक माह शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।

(11) विभाग द्वारा यथावश्यक वैधानिक अनापत्तियां एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्स नियमानुसार सक्षम स्तर से प्राप्त करके ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(12) प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा शासनादेश सं0-1/2020/बी-1-149/दस-2020-231/2020, दिनांक 24.03.20 का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय प्रथमत: चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 के अनुदान संख्या-58 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "3054-सड़क तथा सेतु-04-जिला तथा अन्य सड़कें-337-सड़क निर्माण कार्य-05-राज्य सड़क निधि से सड़कों का अनुरक्षण-29-अनुरक्षण" के नामे डाला जायेगा और अन्तत: लोक लेखे के "लेखाशीर्षक-8225-सड़क एवं सेतु निधि-02-राज्य सड़क एवं सेतु निधि-101-राज्य सड़क व सेतु निधि-01-राज्य सड़क व सेतु निधि-01-राज्य सड़क निधि" में डेबिट करते हुए समतुल्य धनराशि अनुदान सं0-58 के "भाग-4 के वसूलियों-लेखाशीर्षक-3054-सड़क तथा सेतु-04-जिला तथा अन्य सड़कें-337-सड़क निर्माण कार्य-05 राज्य सड़क निधि से सड़कों का अनुरक्षण (8225)-29-अनुरक्षण" में जमा किया जायेगा ।

संलग्नक: यथोक्त।

भवदीय,

(गिरिजेश कुमार त्यागी)
विशेष सचिव ।

संख्या-107/2021/532रासनि(1)/23-1-21, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित का सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- जिलाधिकारी/कोषाधिकारी, संबंधित जनपद।
3- मुख्य अभियंता(मुख्यालय-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ ।
4- मुख्य अभियंता, संबंधित क्षेत्र, लोक निर्माण विभाग।
5- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ ।
6- मुख्य अभियंता(सेतु), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ ।
7- प्रमुख वन संरक्षक, उत्तर प्रदेश।
8- वेब मास्टर, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ ।
9- वेब अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ ।
10- लोक निर्माण अनुभाग-10/वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8/गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राज कुमार)
अनु सचिव ।

http://shasanadesh.up.nic.in

शासनादेश सं0-107/2021/532रासनि/23-1-21-45रासनि/20, दिनांक 24.03.2021 का संलग्नक

(धनराशि रू0 लाख में)

क्र. सं.	मुख्य अभियंता(मु0–1), लो0नि0वि0, लखनऊ	जनपद	कार्य का नाम	लम्बाई (कि0मी0 में)	लागत	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7
1	6399सी/395सी/सम्भल भाग–3/20–21, दि0 05.03.2021	Sambhal	मऊ कठेर से फतेहपुर शमसोई (आदमपुर) होते हुए चन्दौसी मार्ग के किमी 11, 12, 13, 14, 15(200) की मरम्मत का कार्य।	4.20	79.01	3.95
2	6399सी/395सी/सम्भल भाग–3/20–21, दि0 05.03.2021	Sambhal	पाठकपुर फरीदपुर कैलादेवी शकरपुर मार्ग अन्य जिला मार्ग के किमी 17 व 20 के क्षतिग्रस्त भाग में सी0सी0 एवं नाली निर्माण का कार्य।	0.55	89.40	4.47
3	6399सी/395सी/सम्भल भाग–3/20–21, दि0 05.03.2021	Sambhal	एचौड़ा कम्बोह से भवालपुर बासली होते हुए नांरगपुर तक मार्ग की मरम्मत का कार्य।	1.30	136.60	6.83
4	6399सी/395सी/सम्भल भाग–3/20–21, दि0 05.03.2021	Sambhal	सैदनगली मनोटा मार्ग से इकोन्दा होते हुए जोया मार्ग की मरम्मत का कार्य।	0.95	79.81	3.99
5	6399सी/395सी/सम्भल भाग–3/20–21, दि0 05.03.2021	Sambhal	चन्दौसी सम्भल मार्ग के किमी 17 से करेली सम्पर्क मार्ग की मरम्मत का कार्य।	2.50	106.59	5.33
6	6399सी/395सी/सम्भल भाग–3/20–21, दि0 05.03.2021	Sambhal	बल्लमपुर चौराहे से मिलक सम्पर्क मार्ग की मरम्मत का कार्य।	4.30	62.49	3.12
7	6399सी/395सी/सम्भल भाग–3/20–21, दि0 05.03.2021	Sambhal	सम्भल बहजोई मार्ग से लहराकामगार सम्पर्क मार्ग की मरम्मत का कार्य।	2.10	41.21	2.06
8	6399सी/395सी/सम्भल भाग–3/20–21, दि0 05.03.2021	Sambhal	रतनपुर गुमसानी टॉडा मनौटा मार्ग की मरम्मत का कार्य।	3.50	79.78	3.99
9	6399सी/395सी/सम्भल भाग–3/20–21, दि0 05.03.2021	Sambhal	राज्य मार्ग सं0–51 से वाजिदपुर होते पैंतिया सम्पर्क मार्ग की मरम्मत का कार्य।	2.10	50.28	2.51
10	6444सी/364सी/आजमगढ़ भाग–10/20–21, दि0 08.03.2021	Azamgarh	रशीदगंज से दशरथगंज होते हुए अरया तक मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य।	4.00	42.10	2.11
11	6444सी/364सी/आजमगढ़ भाग–10/20–21, दि0 08.03.2021	Azamgarh	किरतूपुर मतोलीपुर सम्पर्क मार्ग के किमी0–02 में क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर आर0सी0 स्लैब 1X6.00 मी स्पान की नयी पुलिया	Culvert	57.37	2.87
12	6444सी/364सी/आजमगढ़ भाग–10/20–21, दि0 08.03.2021	Azamgarh	भादो से अजाउर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य।	6.30	56.49	2.82
13	6446सी/361सी/मीरजापुर भाग–27/20–21, दि0 08.03.2021	Mirzapur	हलिया से ददरी सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य।	2.00	88.06	4.40
14	6446सी/361सी/मीरजापुर भाग–27/20–21, दि0 08.03.2021	Mirzapur	मटिहरा कुटिया कोल बस्ती सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य।	3.30	42.63	2.13
15	6446सी/361सी/मीरजापुर भाग–27/20–21, दि0 08.03.2021	Mirzapur	रमईपट्टी कनौरा घाट से आमघाट सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य।	2.80	58.70	2.94
16	6408सी/399सी/अमरोहा भाग–17/20–21, दि0 05.03.2021	Muradabad	ठाकुरद्वारा अलीगंज मार्ग के किमी 5 से मानपुर दत्तराम मार्ग की मरम्मत का कार्य।	1.80	64.72	3.24
17	6408सी/399सी/अमरोहा भाग–17/20–21, दि0 05.03.2021	Muradabad	ठाकुरद्वारा रतुपुरा लेदा भगियावाला होते हुए दारापुर मदारपुर मार्ग में मरम्मत एवं सुधार का कार्य।	3.31	54.93	2.75
18	6408सी/399सी/अमरोहा भाग–17/20–21, दि0 05.03.2021	Muradabad	दारापुर से विजयरामपुर मढैया मार्ग में मरम्मत एवं सुधार का कार्य।	3.65	55.23	2.76
19	6408सी/399सी/अमरोहा भाग–17/20–21, दि0 05.03.2021	Amroha	एन0एच0–24 से कांकाठेर मार्ग की पटरियों पर इण्टरलांकिग टाईल्स लगाने का कार्य।	1.57	79.70	3.99
20	3756सी/331सी/आगरा भाग–1/20–21, दि0 24.12.2020	Agra	कौलक्खा की पुलिया से रोहता नहर तक मार्ग की मरम्मत का कार्य।	3.38	53.26	2.66
21	6506सी/355सी/खीरी भाग–37/20–21, दि0 09.03.2021	Lakhimpur khiri	रूद्रपुर गुलरिया सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य।	2.00	44.67	2.23
22	6469सी/357सी/उन्नाव भाग–10/20–21, दि0 09.03.2021	Unnao	रूअई से रानीपुर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य।	5.00	54.30	2.72
23	6469सी/357सी/उन्नाव भाग–10/20–21, दि0 09.03.2021	Unnao	अन्नपूर्णामन्दिर से निहालीखेड़ा दरियाबाद मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य।	5.00	51.22	2.56
24	6328सी/354सी/सीतापुर भाग–25/20–21, दि0 04.03.2021	Sitapur	रेउसा सिकोहा चन्द्रसेनी मोहाला सुकेठा–साण्डा मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य।	1.17	65.82	3.29

http://shasanadesh.up.nic.in

क्र. सं.	मुख्य अभियंता(मु0–1), लो0नि0वि0, लखनऊ	जनपद	कार्य का नाम	लम्बाई (कि0मी0 में)	लागत	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7
25	6511सी/365सी/जौनपुर भाग–17/20–21, दि0 09.03.2021	Jaunpur	प्रयागराज–गोरखपुर राज्य मार्ग–7 के किमी0–80 महाराजगंज बाजार में 0.80 किमी0 एवं किमी0–76 कोल्हुआ बाजार में 0.500 किमी0 सी0सी0 रोड का निर्माण का कार्य।	1.30	258.69	12.93
26	6471सी/352सी/लखनऊ भाग–45/20–21, दि0 09.03.2021	Lucknow	बी0के0टी0 बाबागंज मार्ग किमी0–3 से मिश्रीपुर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य।	0.60	56.09	2.80
27	6470सी/352सी/लखनऊ भाग–32/20–21, दि0 09.03.2021	Lucknow	लखनऊ बिजनौर मार्ग किमी0–8 (आबादी भागके बिजनौर मार्केट) में जल निकासी हेतु नाली का इन्टरलॉकिंग टाइल्स मरम्मत का कार्य।	1.00	129.55	6.48
28	6507सी/365सी/जौनपुर भाग–16/20–21, दि0 09.03.2021	Jaunpur	सिंगरामऊ रतासी सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य किमी0–1,2,3,4,5,6(400)	5.40	65.57	3.28
29	6507सी/365सी/जौनपुर भाग–16/20–21, दि0 09.03.2021	Jaunpur	राजाबाजार से कठार सम्पर्क मार्ग विशेष मरम्मत का कार्य किमी0–1,2,3(630)	2.63	42.88	2.14
30	6440सी/360सी/गाजीपुर/भाग74 /20–21, दि0 08.03.21	Gazipur	जमानियां देवैथा माइनर से रायपुर संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। कि0मी0 1,2,3,4(500)	3.50	67.70	3.38
31	6440सी/360सी/गाजीपुर/भाग74 /20–21, दि0 08.03.21	Gazipur	जमानियां देवैथा मार्ग से टोकवां होते हुए नरसिंहपुर तारनबांध संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। कि0मी0 1,2,3	3.00	53.02	2.65
32	6440सी/360सी/गाजीपुर/भाग–4 /20–21, दि0 08.03.21	Gazipur	एन0एच0–97 से सब्बलपुर बाण संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। कि0मी0 1,2,3,4,5(225)	4.225	42.23	2.11
33	6443सी/384सी/ शाहजहॉपुर भाग–4/20–21, दि0 08.03.2021	Shajahnpur	चौहानापुर कॉट कुर्रियाकलां मदनापुर विक्रमपुर गढ़िया छवि के किमी0 67(450) व 68(350) में आबादी भाग में सी0सी0 रोड व नाली निर्माण का कार्य।	0.80	130.55	6.53
34	6443सी/384सी/ शाहजहॉपुर भाग–4/20–21, दि0 08.03.2021	Shajahnpur	एम0एफ0 मार्ग से बाराखुर्द सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग में सी0सी0 मार्ग एवं नाली निर्माण का कार्य।	1.00	67.64	3.38
35	6443सी/384सी/ शाहजहॉपुर भाग–4/20–21, दि0 08.03.2021	Shajahnpur	जलालाबाद ढाईघाट मार्ग से आंधीदेई मार्ग के किमी0 10(500), 12(350), 15(500) के आबादी भाग में सी0सी0 रोड व नाली निर्माण का कार्य।	1.35	189.57	9.48
36	6541सी/352सी/लखनऊ(भाग–50 /20–21, दि0 10.03.21	Lucknow	माल इटौजा कि0मी0 12 व 13 का सुरक्षात्मक कार्य।	0.60	491.99	24.59
			योग		3189.85	159.47

(राज कुमार)
अनु सचिव ।

http://shasanadesh.up.nic.in